A

समग्र शिक्षा, केरल

709

SECOND TERMINAL EVALUATION 2019-20

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा 7 | समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देशः

* पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
* गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
* 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ताजमहल भारत का सबसे लोकप्रिय ऐतिहासिक स्मारक है। यह उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित है। इसके पीछे से यमुना नदी बहती है। इसके निर्माण के लिए 22 साल लगे थे और 20 हज़ार मज़दूरों ने काम किया था। यह इमारत मुगल वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है।

क) भारत का सबसे लोकप्रिय स्मारक कौन-सा है?

अ) कुतुब मीनार   आ) आगरा किला
इ) ताजमहल   ई) लाल किला

ख) ताजमहल के पीछे से कौन-सी नदी बहती है?

अ) गंगा   आ) यमुना
इ) निला   ई) सिंधु

ग) ताजमहल कहाँ स्थित है?

अ) ताजमहल आगरा में स्थित है।   आ) ताजमहल कोचिन में स्थित है।
इ) ताजमहल मुंबई में स्थित है।   ई) ताजमहल दिल्ली में स्थित है।

घ) ताजमहल के निर्माण के लिए कितने साल लगे थे?

अ) 22 हज़ार साल   आ) 22 साल
इ) 25 साल   ई) 30 साल

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) ताजमहल ग्रीक वास्तुकला का नमूना है।   आ) ताजमहल मुगल वास्तुकला का नमूना है।
इ) ताजमहल केरलीय वास्तुकला का नमूना है।   ई) ताजमहल ब्रिटीश वास्तुकला का नमूना है।

गतिविधि 2

सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मेहनत हमेशा करते रहो
हर पल आगे बढ़ते रहो
बाधाएँ कभी हार नहीं
डरे बिना बढ़ते रहो
ग़म के बाद खुशी होगी
जग में तुम्हारी जीत होगी।

ग़म - दुख

क) 'कोशिश' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन सा है?
(ग़म, मेहनत, खुशी, जीत)

ख) कवि के अनुसार ग़म के बाद क्या होगी?

ग) कविता के अनुसार **सही मिलान** करें।

बढ़ते रहो	जग में तुम्हारी
हार नहीं	डरे बिना
जीत होगी	बाधाएँ कभी

गतिविधि 3

सूचनाः 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

समाचार वाचिका : पूरे टोक्यो शहर में बिजली की सप्लाई ठप्प पड़ गई है और टावर्स टूट गए हैं, जिसके कारण शहर का संपर्क बाकी जगहों से खत्म हो गया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई। जापान में पिछले माह भी भूकंप आया था।

क) जापान के किस शहर में भूकंप हुआ था?

ख) 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी की इस घटना के आधार पर एक **समाचार** तैयार करें।

गतिविधि 4

सूचना: 'एक दौड़ ऐसी भी' घटना का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। बहुत तेज़ तो नहीं पर उनमें जीतने की होड़ ज़रूर तेज़ थी। सभी जीतने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर लड़खड़ाया, गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर बाकी प्रतिभागी दौड़ना छोड़ देखने लगे कि क्या हुआ?

क) मातृभाषा में अनुवाद करें।

सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े।

ख) इस घटना के आधार पर छोटे लड़के की **डायरी** लिखें।

- दौड़ के बीच गिर जाना
- दर्द और दुख
- दौड़ बंद करके सब का आना
- एक साथ दौड़ की पूर्ति करना

गतिविधि 5

सूचना: 'कोशिश करनेवालों की' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

क) कवि के अनुसार किस प्रकार के लोगों की हार नहीं होती है?

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि 6

सूचनाः 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मम्मी :	ठीक कहते हो। मुझे अपने मनोरंजन तक ही कभी भी सीमित नहीं रहना चाहिए था।
पापा :	सिर्फ तुम्हें नहीं, (दर्शकों की ओर इशारा करके) हम सभी को।

क) एकांकी का संदेश है-

अ) दूसरों के मनोरंजन में सीमित रहना है।   आ) अपने मनोरंजन में सीमित रहना है।

इ) मनोरंजन में कभी सीमित नहीं रहना है ।   ई) दूसरों के मनोरंजन में सीमित नहीं रहना है।

ख) स्कूल के हिंदी क्लब के नेतृत्व में 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी का मंचन जनवरी 1 को नव वर्षोत्सव के सिलसिले में हो रहा है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।